हरिभूमि

सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 7 नवंबर 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

06 धनतेरस पर गांव-गांव पहुंचकर की स्वामित्व अभिलेखों...



07 धनतेरस पर हर सेक्टर में बरसा धन, कारोबार 10 करोड़ के पार



खबर संक्षेप

अवैध गैस सिलेंडर भंडारण पर कार्रवाई, 13 सिलेंडर किए जब्त

सागर। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर खाद्य विभाग द्वारा अवैध गतिविधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में पुलिस एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने परसोरिया में गैस सिलेंडरों के अवैध भंडारण की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जांच की। जांच के दौरान खाद्य विभाग के आपूर्ति अधिकारी सुनील वर्मा, अभिषेक मोर एवं सौरव यादव तथा पुलिस की संयुक्त टीम परसोरिया स्थित सामुदायिक स्वच्छता भवन के सामने जैन के मकान में पहुंची। मौके पर एचपी कंपनी के 8 भरे एवं 4 खाली गैस सिलेंडर तथा 5 किलोग्राम क्षमता का 1 खाली सिलेंडर पाया गया। संबंधित व्यक्ति द्वारा सिलेंडरों के भंडारण के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत न किए जाने पर टीम ने मौके से सभी 13 गैस सिलेंडरों को जब्त कर लिया।

मिठाइयों में हानिकारक फूड कलर पर रोक

सागर। त्योहारों और आम दिनों में बाजार में बिकने वाली लड्डू, पेड़े, बर्फी, जलेबी सहित अन्य रंग-बिरंगी मिठाइयों को आकर्षक दिखाने के लिए रासायनिक रंगों के उपयोग पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सागर ने बताया कि कई दुकानों पर निर्धारित मानकों से अधिक मात्रा में तथा कुछ जगहों पर गैर-खाद्य (नॉन-परमिटेड) केमिकल रंगों का उपयोग किया जा रहा है। इनके सेवन से आमजन, विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों में पेट की बीमारियां, फूड पॉइजनिंग और एलर्जी का खतरा बढ़ रहा है। सीएमएचओ ने खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को स्थानीय मिठाई दुकानों एवं कारखानों का निरीक्षण कर जांच करने तथा फूड कलर का उपयोग करने वाले एवं खाद्य सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

खुरई विस क्षेत्र के चार नगरीय निकायों को 15 करोड़ की राशि स्वीकृत

सागर। पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह के प्रस्ताव पर मध्यप्रदेश शासन के नगरीय प्रशासन विभाग ने खुरई विधानसभा क्षेत्र के चार नगरीय निकायों खुरई नगर पालिका, नगर परिषद बरोदिया कलां, नगर परिषद बांदरी और नगर परिषद मालथौन में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 15 करोड़ की राशि स्वीकृत की है। नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा खुरई नगर पालिका को 6 करोड़, नगर परिषद बरोदिया कलां को 3 करोड़, नगर परिषद बांदरी को 3 करोड़, 3 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। राशि स्वीकृत करने के लिए पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव तथा नगरीय प्रशासन विभाग के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का आभार व्यक्त किया है।

पिछड़ा वर्ग विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना के लिए आवेदन आमंत्रित

सागर। पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण मध्यप्रदेश द्वारा पिछड़ा वर्ग विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना वर्ष 2026-27 के अंतर्गत पात्र अभ्यर्थियों के चयन के लिए विज्ञप्ति जारी कर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय पोर्टल के माध्यम से विज्ञप्ति प्रकाशन की तिथि से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजना की पात्रता एवं अन्य शर्तों की विस्तृत जानकारी भी विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध है। विज्ञप्ति जारी होने की तिथि से एक माह तक प्राप्त आवेदनों को फ्रीज कर प्रथम चरण में चयन प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। एक माह की अवधि समाप्त होने पर पोर्टल एक दिन के लिए अस्थायी रूप से बंद किया जाएगा। इसके बाद द्वितीय चरण की आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ होगी।

कलेक्टर के निर्देश पर अनुविभाग स्तर पर गठित जांच दल स्थिति से अंजान

देवरी में त्योहारी सीजन में धड़ल्ले से बिक रही मिलावटी मिठाईयां, स्वास्थ्य से खिलवाड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलां



दीपावली के त्योहारी सीजन पर बाजारों मे रौनक के साथ ही मिलावट का खेल आरंभ हो गया है। मांग और उपलब्धता की गहरी खाई ने मिठाई, पनीर और मावे के दामों में आसमानी तेजी और मिलावट की आशंकाओं को बढ़ा दिया है। देवरी नगर के बाजारों में सजी रंग बिरंगी मिठाईयों एवं अन्य खाद्य सामग्री में असली और नकली के फर्क को पहचानने की जटिलता ने आम नागरिको की मुश्किलों को बढ़ा दिया है। वहीं कलेक्टर के निर्देश पर अनुविभाग स्तर पर गठित कमेटी अब तक न तो बाजारों तक पहुंची न ही नागरिकों के स्वास्थ्य से जुड़े इस गंभीर मामले उसकी कोई जागरूक पहल नजर आई है।

दीपावली पर्व को लेकर देवरी नगर एवं ग्रामीण कस्बों के बाजारों में रौनक है, दीपावली के साथ अन्य त्योहारों के आयोजन एवं पूजन में सर्वाधिक डिमांड मिष्ठान-पकवान एवं खाद्य सामग्री की होती है। ऐसे में इनके निर्माण में प्रयुक्त, दूध, मावा, घी, तेल एवं पनीर की सीमित उपलब्धता मिलावट के कारोबार को कई गुना बढ़ा देती है। मौजूदा समय में बाजार में सज गई दर्जनों दुकानों पर मिठाई एवं अन्य खाद सामग्री में असली एवं नकली की पहचान करना आम नागरिकों के लिए टेडी खीर है। परीक्षण संसाधनों लेब एवं उपकरणों की स्थानीय अनुपलब्धता का फायदा उठाकर इनके निर्माण में प्रयुक्त दुग्ध उत्पाद के स्थान नकली, मिलावटी एवं अमानक सामग्री जमकर खपाई जाती है।

नकली मावा, पनीर एवं मिठाईयों की आवक

देवरी नगर में लंबे समय से नकली सफेद मावा, पनीर एवं बनी हुई मिठाईयाँ अन्य स्थानों से लाकर विक्रय की जाती है, त्योहारी सीजन में मिठाईयों की मांग बढ़ने के कारण धौलपुर एवं डबरा से आने वाले सफेद अमानक मावे के साथ ही सागर, करेली एवं अन्य स्थानों से नकली पनीर, मिल्क केक, छेना रसगुल्ला सहित अन्य बनी हुई मिठाईयों की आवक बढ़ जाती है। जिन्हे स्थानीय निर्माण बताकर धड़ल्ले से विक्रय किया जाता है। संबंधित विभाग की उदासीनता एवं निगरानी के आभाव के कारण यह गोरखधंधा जमकर फल-फूल रहा है। मौजूदा समय में नगर के एक-दो मिष्ठान व्यापारियों को छोड़कर लगभग सभी दूकानों अमानक एवं मिलावटी सामग्री से निर्मित मिष्ठान बेचे जा रहे है। लोगों के स्वास्थ से खिलवाड़ से जुड़े इस मामले में शासन-प्रशासन की संजीदगी आवश्यक है।

अनुविभाग स्तर पर हुआ था जांच दलों का गठन

जिला कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा त्यौहारों पर खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने और मिलावट रोकने के लिए अनुविभाग स्तर पर विशेष जांच दल गठित किये जाने के निर्देश दिये गये थे। परंतु उक्त दलों के गठन एवं उनकी गतिविधियों को लेकर अब तक कोई कार्रवाई सामने नही आई है। दरअसल एफएसएसआई द्वारा बाजार में मिलावटी, नकली और असुरक्षित खाद्य उत्पादों के विक्रय को रोकने के लिए राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के अधिकारियों से अपने-अपने क्षेत्रों में निगरानी और जांच बढ़ाने को कहा गया था।

जिसके बाद राज्य सरकारों द्वारा अनुविभाग एवं प्रखंड स्तर पर जांच समितियों के गठन की कवायद सामने आई है। परंतु ऐसे जांच दलों के निष्क्रियता शासन-प्रशासन की संजीदगी को कटधरे में खड़ा कर रही है।

विभाग की निगरानी एवं कार्रवाई पर सवाल

अमानक, दूषित एवं मिलावटी सामग्री के विक्रय रोकने के लिए खाद्य एवं अपमिश्रण विभाग द्वारा यदा-कदा जांच एवं निरीक्षण की कार्रवाई की जाती है, जो मात्र औपचारिकता एवं विभागीय गतिविधि बनकर रह जाती है। देवरी अनुविभाग सहित पूरे सागर जिले में फुटपाथी दुकानों, होटलों, रेस्टोरेन्टों एव मिठाई दूकानों में हाईजीन का आभाव, बासी दूषित सामग्री का प्रयोग एवं अमानक मिलावटी दुग्ध उत्पादों के उपयोग की घटनाये अमूमन सामने आती रहती है परंतु विभागीय अधिकारी किसी बड़ी घटना या शिकायत सामने आने के बाद ही सक्रिय नजर आते है। उनके अपने रूटीन चेकअप में और बनाये गये प्रकरणों में सिर्फ ब्रांडेड कंपनियों के उत्पाद एवं पैक सामग्री की ही सेम्पलिंग की जाती है। खुदरा एवं होटलों पर निर्मित एवं खुले में बेची जाने वाली सामग्री को लेकर इनका रूख सवालों के दायरे में है।



मिस मध्यप्रदेश बनीं सागर की बेटी डॉ. गरिमा गोस्वामी, महाविद्यालय में हुआ सम्मान

सागर। मिस मध्य प्रदेश का खिताब जीतकर सागर का गौरव बढ़ाने वाली डॉ. गरिमा गोस्वामी का शासकीय कला एवं वाणिज्य अग्रणी महाविद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। प्राचार्य प्रो. सरोज गुप्ता ने उन्हें पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. गुप्ता ने कहा कि सौंदर्य प्रतियोगिताओं में केवल चेहरे की सुंदरता ही नहीं, बल्कि बौद्धिकता और व्यक्तित्व की भी परख होती है। डॉ. गरिमा ने अपनी प्रतिभा से यह उपलब्धि हासिल कर सागर का मान बढ़ाया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि गरिमा राष्ट्रीय स्तर पर भी प्रदेश का नाम रोशन करेंगी।डॉ. गरिमा ने सफलता का श्रेय माता-पिता और परिवार को देते हुए कहा कि आत्मविश्वास, दृढ़ संकल्प और निरंतर प्रयास से लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं। उन्होंने बेटियों को शिक्षा और आगे बढ़ने के अवसर देने की अपील की।डॉ. गरिमा उच्च शिक्षा विभाग के अतिरिक्त संचालक डॉ. रामकुमार गोस्वामी की पुत्री हैं और एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही हैं। कार्यक्रम में डॉ. इमराना सिद्दीकी सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।



शहर सेवादल परिवार हुआ कुबेर देव की पालकी यात्रा में सम्मिलित

सागर। धनतेरस के पवन पर्व पर बाईसा मुहाल स्थित कुबेर देव मंदिर से शहर के विभिन्न स्थानों से कुबेर देव की पालकी यात्रा निकाली गई। शहर कांग्रेस सेवादल परिवार ने विजय टॉकीज़ तिराहे पर स्वागत किया। यात्रा में सम्मिलित भक्त जनों पर पुष्प वर्षा कर अभिवादन किया। शहर सेवादल अध्यक्ष सिन्टू कटारे ने पालकी को कंधा लगा के कुबेर देव को नमन किया। शहर सेवादल अध्यक्ष सिन्टू कटारे के साथ विमलेश अवस्थी, मदन ताम्रकार, राजेंद्र ठाकुर, प्रवीण यादव, राज पांडे, गोपाल तिवारी, अंकुर यादव, परख शुक्ला, निक्की यादव, धम्मू प्रजापति, जयंत गोलंदाज, प्रवीण पटेल आदि जन स्वागत ओर यात्रा में शामिल हुए।



टेंट हाउस में भीषण आग, 10 लाख का सामान जलकर खाक, आग लगाने की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढाकोटा

गढ़ाकोटा में गुरुवार की रात एक टेंट हाउस में भीषण आग लगने से लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया। पथरिया रोड स्थित नीलेश टेंट हाउस की दुकान में अचानक आग की ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं। आग इतनी भीषण थी कि देखते ही देखते दुकान में रखा टेंट और अन्य सामान इसकी चपेट में आ गया। घटना से आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। प्रारंभिक अनुमान के मुताबिक आगजनी में करीब 8 से 10 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। वहीं दुकान संचालक ने किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा आग लगाए जाने की आशंका जताई है। दरअसल, घटना गुरुवार रात की है।

गढ़ाकोटा के पथरिया रोड पर स्थित नीलेश टेंट हाउस की दुकान से अचानक धुआं और आग की लपटें उठती दिखाई दीं। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। दुकान से उठती लपटें देखकर आसपास के मोहल्ले में हड़कंप मच गया। बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। आग की सूचना मिलते ही पुलिस, दमकल विभाग और विद्युत विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं। आग की गंभीरता को देखते हुए दमकल कर्मियों ने मोर्चा संभाला और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक दुकान में रखा टेंट हाउस का अधिकांश सामान जलकर खाक हो चुका था। दुकान संचालक के मुताबिक, इस आगजनी में करीब 8 से 10 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। दुकान संचालक नीलेश साहू ने आग लगने के पीछे किसी अज्ञात व्यक्ति का हाथ होने की आशंका जताई है। हालांकि आग कैसे लगी, इसकी वास्तविक वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।फिलहाल पुलिस आग लगने के कारणों का पता लगाने में जुटी है। क्या यह हादसा था या किसी ने जानबूझकर दुकान में आग लगाई, इसका खुलासा जांच के बाद ही हो सकेगा।

बीएमसी के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि : पीजी सीटों में भारी बढ़ोतरी, कुल सीटें बढ़कर हुईं 110

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



बुंदेलखंड चिकित्सा महाविद्यालय, सागर के लिए यह एक अत्यंत गर्व और हर्ष का विषय है कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए संस्थान में पोस्टग्रेजुएट की सीटों में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। डीन डॉ पीएस ठाकुर के विशेष प्रयासों एवं दृढ़ इच्छाशक्ति के परिणामस्वरूप यहाँ मेडिकल छात्रों के लिए उच्च शिक्षा के और अधिक द्वार खुल गए हैं।उल्लेखनीय है कि डीन डॉ पी एस ठाकुर के कार्यकाल में अब तक पचास सीटों की वृद्धि हुई है। सीटों का विस्तृत विवरण सत्र 2025-26 में जहाँ कॉलेज में कुल 81 पीजी सीटें थीं, वहीं सत्र 2026-27 में इनमें 29 सीटों की वृद्धि के साथ कुल सीटों की संख्या बढ़कर 110 हो गई है।

प्रमुख विभागों में सीटों की स्थिति इस प्रकार है

एनाटॉमी, फिजियोलॉजी, बायो केमिस्ट्री फार्माकोलॉजीः इन चारों प्री-क्लिनिकल विभागों में पहले 3-3 सीटें थीं, जिनमें 2-2 सीटें बढ़कर अब प्रत्येक में 5-5 सीटें हो गई हैं। पैथोलॉजीः पैथोलॉजी विभाग में सबसे बड़ी छलांग देखने को मिली है, जहाँ पहले मात्र 2 सीटें थीं और अब 7 सीटों की भारी बढ़ोतरी के साथ कुल 9 सीटें हो गई हैं। जनरल सर्जरीः इस महत्वपूर्ण क्लिनिकल विभाग में पहले 6 सीटें थीं, जिसमें 5 सीटों का इजाफा होकर अब कुल 11 सीटें हो गई हैं। जनरल मेडिसिनः यहाँ पहले 9 सीटें थीं, जो अब बढ़कर 11 सीटें (2 सीटों की वृद्धि) हो गईं हैं। कम्युनिटी मेडिसिन एण्ड पीडियाट्रिक्सः कम्युनिटी मेडिसिन में 3 सीटें बढ़कर 7 हो गई हैं, और पैडियाट्रिक्स में 1 सीट बढ़कर 5 हो गई है। रेडियोलॉजीः रेडियोलॉजी विभाग, जिसमें पहले एक भी सीट नहीं थी, वहाँ अब 2 नई सीटें सृजित कर दी गई हैं। ऑबस्टेट्रीक्स एण्ड जिनेकोलॉजीः इस विभाग में 1 सीट की बढ़ोतरी के साथ कुल सीटें 8 हो गई हैं।

मेडिकल कॉलेज में लगातार हो रहे इस विकास और मेडिकल शिक्षा के सुदृढ़ीकरण के डीन डॉ पी एस ठाकुर के अथक प्रयासों, उच्चाधिकारियों, कॉलेज प्रशासन और प्रबंधन टीम के निरंतर एवं विशेष प्रयास शामिल हैं। इन सभी के समन्वित प्रयासों का ही यह परिणाम है कि आज सागर का यह प्रतिष्ठित संस्थान मध्य प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा है। इन बढ़ी हुई सीटों से न केवल क्षेत्रीय स्तर पर विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी, बल्कि मेडिकल के विद्यार्थियों को अपने ही संभाग में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के अधिक अवसर मिलेंगे।

कृषि उत्पादक आयुक्त ने कृषि प्रसंस्करण इकाइयों का किया भ्रमण

सागर। कृषि उत्पादक आयुक्त के.सी. गुप्ता ने आज विकासखंड रहली के ग्राम छिरारी स्थित कृषक रामसेवक मलिक के ऑर्गेनिक फार्म का भ्रमण एवं निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने जैविक एवं प्राकृतिक खेती की तकनीकों का अवलोकन किया। साथ ही मक्का ट्रांसप्लांट का विशेष रूप से निरीक्षण किया तथा जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को प्रेरित किया। इसके पश्चात ग्राम रजवांस में प्रगतिशील कृषक प्रशांत कुर्मी के यहां स्थापित दाल मिल एवं लहसुन ग्रेडर यूनिट का भी भ्रमण किया। इस अवसर पर उप संचालक उद्यानिकी सागर बड़ोले, एसएचडीओ रहली विदेश प्रजापति, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी रहली राहुल सिंह लोधी एवं विकासखंड तकनीकी प्रबंधक रहली राजेश पडरया उपस्थित रहे।



स्वदेशी खरीदारी से मजबूत होगा आत्म निर्भर भारत : जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी

सागर। धनतेरस के अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी पे पत्नी रितु तिवारी के साथ स्थानीय बाजार पहुंचे और दीपावली की खरीदारी की। इस दौरान उन्होंने सड़क किनारे लगी छोटी दुकानों से मिट्टी के दीये, फूलमालाएं, पूजन सामग्री एवं सजावटी वस्तुएं खरीदकर स्थानीय दुकानदारों और कारीगरों को प्रोत्साहित किया। श्याम तिवारी ने कहा कि दीपावली केवल घरों को रोशन करने का पर्व नहीं, बल्कि हर मेहनतकश परिवार के जीवन में खुशियां लाने का अवसर भी है। जिन कुम्हारों और कारीगरों के हाथों से दीये बनते हैं, उनकी दीपावली भी रोशन होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'वोकल फॉर लोकल' का आह्वान आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प है। स्वदेशी वस्तुओं की खरीदारी से स्थानीय व्यापारियों, शिल्पकारों और छोटे दुकानदारों को आर्थिक मजबूती मिलती है।उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि इस दीपावली स्थानीय दुकानदारों और कारीगरों से खरीदारी कर स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा दें। इससे त्योहार की खुशियां हर मेहनतकश परिवार तक पहुंच सकेंगी। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने दी।

पाली और आलखेड़ी गांव ने शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया, हितग्राहियों को सौंपी गईं निःशुल्क ऑनलाइन रजिस्ट्रियां

स्वामित्व योजना गरीबों के स्वाभिमान और आर्थिक आजादी का दस्तावेजः भूपेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



स्वामित्व योजना के तहत मिली निःशुल्क रजिस्ट्री गरीब, किसान और मजदूर के स्वाभिमान तथा आर्थिक आजादी का दस्तावेज है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार की ओर से ग्रामीण परिवारों को दीपावली का अनमोल उपहार है। यह बात पूर्व गृहमंत्री एवं खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने मालथौन विकासखंड के पाली और खुरई विकासखंड के आलखेड़ी में आयोजित कार्यक्रमों में कही। इस दौरान हितग्राहियों को स्वामित्व अधिकार पत्र एवं ऑनलाइन रजिस्ट्रियां वितरित की गईं। दोनों गांवों ने योजना का शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया।

भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि रजिस्ट्री मिलने से ग्रामीण परिवारों को अपनी आवासीय संपत्ति का कानूनी मालिकाना हक मिला है। अब वे संपत्ति के आधार पर बैंक ऋण लेने, स्वरोजगार शुरू करने और बच्चों की शिक्षा के लिए आर्थिक संसाधन जुटाने में सक्षम होंगे। उन्होंने कहा कि इस योजना से संपत्ति संबंधी विवाद कम होंगे और ग्रामीणों को बिचौलियों के बिना गांव में ही निःशुल्क रजिस्ट्री की सुविधा मिली है।

उन्होंने बताया कि खुरई विधानसभा क्षेत्र में करीब सात हजार रजिस्ट्रियां अभी शेष हैं, जिन्हें जल्द पूरा कराने का प्रयास किया जाएगा। इस दौरान राजस्व और पंचायत विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना भी की।खुरई तहसीलदार रितु राय ने बताया कि तहसील के 167 गांवों में 32,179 हितग्राहियों के 21,150 प्लॉट रजिस्ट्री के लिए शामिल हैं। इनमें 6,608 रजिस्ट्रियां पूरी हो चुकी हैं। वहीं मालथौन विकासखंड में 18,002 हितग्राहियों में से 4,771 तथा बांदरी तहसील में 6,561 हितग्राहियों में से 2,297 रजिस्ट्रियां पूर्ण की जा चुकी हैं।कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित रहे।



धनतेरस पर केंद्रीय जेल पहुंचे विधायक शैलेंद्र कुमार जैन, बंदियों को फल-मिष्ठान वितरित

सागर। धनतेरस एवं दीपावली पर्व के अवसर पर सागर विधायक शैलेंद्र जैन ने अपनी धर्मपत्नी अनुश्री जैन के साथ केंद्रीय जेल सागर पहुंचकर जेल में निरुद्ध बंदियों एवं महिला बंदियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अपनी ओर से बंदियों को फल एवं मिष्ठान वितरित कर दीपावली की शुभकामनाएं दीं। विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने बंदियों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना तथा दीपावली के पावन पर्व पर उनके साथ आत्मीयता साझा की। दीपावली प्रकाश, प्रेम, सद्भाव और मानवता का पर्व है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक इस पर्व की खुशियां पहुंचें, इसी भावना के साथ उन्होंने केंद्रीय जेल में बंदियों के बीच पहुंचकर पर्व की खुशियां साझा कीं।

केंद्रीय मंत्री ने कबराटा में हितग्राही की कराई स्वामित्व रजिस्ट्री

धनतेरस पर गांव-गांव पहुंचकर की स्वामित्व अभिलेखों की प्रगति समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



धनतेरस के अवसर पर जिले में स्वामित्व योजना को गति देने और ग्रामीणों को उनकी संपत्ति का कानूनी अधिकार दिलाने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। शासन के निर्देशानुसार इन कार्यक्रमों के माध्यम से स्वामित्व अभिलेखों के अधिकार एवं निष्पादन से जुड़े कार्यों को शत-प्रतिशत पूर्ण कराने की पहल की गई। इसके तहत केंद्रीय मंत्री, विधायकों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने अलग-अलग ग्राम पंचायतों में पहुंचकर ग्रामीणों से संवाद किया और योजना की प्रगति की जानकारी ली।

इसी क्रम में केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में बड़ागांव धसान तहसील की ग्राम पंचायत कबराटा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं जतारा विधायक हरिशंकर खटीक ने पलेरा तहसील की ग्राम पंचायत करौला के पंचायत भवन में ग्रामीणों से संवाद किया। टीकमगढ़ विधायक यादवेंद्र सिंह बुंदेला ने टीकमगढ़ तहसील की ग्राम पंचायत नारगुड़ा के ग्राम उत्तमपुरा एवं ग्राम पंचायत गोपालपुरा के ग्राम गोपालपुरा भाटा में कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इसी तरह खरगापुर विधायक चंदा सुरेंद्र सिंह गौर की अध्यक्षता में बल्देवगढ़ तहसील के ग्राम देवरदा उगढ़ स्थित मंदिर परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्राम पंचायत कबराटा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने स्वामित्व योजना के हितग्राहियों से सीधे संवाद कर अभिलेखों से संबंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने एक हितग्राही की स्वामित्व रजिस्ट्री मौके पर कराकर उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि स्वामित्व योजना के दस्तावेज ग्रामीण परिवारों को उनकी संपत्ति का कानूनी अधिकार प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। इन अभिलेखों से ग्रामीणों को अपनी संपत्ति पर अधिकार का प्रमाण मिलेगा और भविष्य में संपत्ति संबंधी विवादों के निराकरण में भी मदद मिलेगी। केंद्रीय मंत्री ने कार्यक्रम में मौजूद बुजुर्गों, महिलाओं और ग्रामीणों से आत्मीय संवाद किया तथा दीपावली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने वृद्धजनों का सम्मान किया और बच्चों को फल एवं मिठाइयां वितरित कीं। ग्राम पंचायत कबराटा में स्वामित्व योजना के तहत उल्लेखनीय प्रगति सामने आई है। यहां कुल 60 प्लॉटों में से 52 प्लॉटों की रजिस्ट्री का कार्य पूरा किया जा चुका है। शेष आठ प्लॉटों की रजिस्ट्री राजस्व एवं तकनीकी सुधार की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शीघ्र कराई जाएगी। उक्त कार्यक्रम में अनुराग वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय, जिला पंचायत सीईओ विशाल धाकड़, एसडीएम संस्कृति मुदित लटोरिया, बड़ागांव तहसीलदार सत्यप्रकाश शुक्ला सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

गरीब बस्तियों में पहुंचे समाजसेवी, बच्चों को बांटे पटाखे और मिठाइयां

पर्व की खुशियों में दूसरों को शामिल करना ही दिवाली की असली सार्थकता: शिरीष विहारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



दीपावली का पर्व केवल घरों में दीप जलाने, रोशनी करने और खुशियां मनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि इस त्योहार की वास्तविक सार्थकता तब सामने आती है, जब समाज का हर वर्ग इसकी खुशियों में सहभागी बने। विशेषकर उन परिवारों के बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाना, जिनके लिए आर्थिक तंगी के चलते त्योहार की खुशियां जुटाना भी मुश्किल होता है, अपने आप में एक बड़ी सामाजिक सेवा है। इसी मानवीय सोच और संवेदनशीलता को धरातल पर उतारते हुए शहर के जाने-माने समाजसेवी शिरीष विहारी मिश्रा ने दीपावली की पूर्व संध्या पर बड़ागांव धसान नगर की गरीब बस्तियों में पहुंचकर जरूरतमंद परिवारों के बच्चों के साथ त्योहार की खुशियां साझा कीं।

समाजसेवी शिरीष विहारी मिश्रा ने अपने साथियों के साथ गरीब बस्तियों में पहुंचकर बच्चों को उनकी पसंद के पटाखे और मिठाइयां वितरित कीं। अचानक अपने बीच समाजसेवियों को पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। जिन बच्चों के लिए दीपावली पर पटाखे और मिठाइयां केवल एक सपना बनकर रह जाती हैं, उन्हें जब अपनी पसंद की चीजें मिलीं तो उनकी खुशी देखते ही बन रही थी। समाजसेवी और उनके साथियों ने बच्चों के बीच समय बिताया तथा उनके साथ दीपावली की खुशियां साझा कीं। इस पहल के पीछे समाजसेवी शिरीष विहारी मिश्रा की सोच केवल सामग्री वितरित करना नहीं थी, बल्कि उनका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को भी यह एहसास कराना था कि त्योहार की खुशियों पर उनका भी उतना ही अधिकार है, जितना समाज के संपन्न वर्ग के बच्चों का। उन्होंने कहा कि दीपावली खुशियों और उत्साह का त्योहार है, लेकिन आर्थिक तंगी के कारण कई परिवार अपने बच्चों को त्योहार की छोटी-छोटी खुशियां भी नहीं दे पाते। ऐसे में समाज के सक्षम लोगों का दायित्व है कि वे जरूरतमंद परिवारों के बीच पहुंचें और उनकी खुशियों में सहभागी बनें। समाजसेवी शिरीष विहारी मिश्रा ने दीपावली की वास्तविक भावना को रेखांकित करते हुए कहा कि दीपावली जैसे उजाले और रोशनी के त्योहार की असली खुशियां तभी महसूस होती हैं, जब हम अपनी खुशियों में जरूरतमंदों को भी शामिल करते हैं। दूसरों के चेहरों पर मुस्कान लाना और उनके साथ त्योहार मनाना ही इस पर्व की सच्ची सार्थकता है। दीपावली केवल दीप जलाने और घरों को रोशन करने का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, भाईचारे, सामाजिक सौहार्द और खुशियां बांटने का अवसर भी है। उन्होंने कहा कि समाज में खुशियां बांटने के लिए किसी बड़े आयोजन या दिखावे की आवश्यकता नहीं होती। यदि हमारी छोटी-सी पहल से किसी जरूरतमंद बच्चे के चेहरे पर मुस्कान आ सकती है तो इससे बड़ा संतोष और खुशी कुछ नहीं हो सकती। त्योहारों का असली आनंद तभी है, जब समाज का कोई भी वर्ग खुद को अकेला या उपेक्षित महसूस न करे। समाजसेवी शिरीष विहारी मिश्रा ने इस पहल से यह संदेश भी दिया कि त्योहारों की चमक केवल घरों की सजावट और बाजारों की रौनक से नहीं, बल्कि एक-दूसरे के जीवन में खुशियां भरने से बढ़ती है। इस दौरान

समाजसेवी शिरीष विहारी मिश्रा के साथ अजय वर्मा (अज्जू भाई), प्रमोद खरे (ढक्कू भाई), पूर्व पार्षद हर्ष मिश्रा (पिंटू भाई), शमीम सिद्दीकी, पत्रकार मुकेश सेन बड़ागांव, देवेंद्र दीपू दाऊ, बृजेंद्र सिंह परमार बड़ागांव एवं भज्जू अहिरवार सहित अन्य साथी मौजूद रहे।

अब फोन, मैसेज, व्हाट्सएप से पुलिस तक पहुंचाएं सूचना

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

सूचनाकर्ता की पहचान रखी जाएगी गोपनीय, अवैध शराब के निर्माण, परिवहन व बिक्री पर पुलिस की नजर

जिले में अवैध शराब के कारोबार, जुआ और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने सूचना तंत्र को मजबूत करने की पहल की है। इसी क्रम में बुडेरा थाना पुलिस ने आम नागरिकों की सुविधा के लिए विशेष हेल्पलाइन नंबर 7049129522 जारी किया है। अब थाना क्षेत्र के नागरिक अवैध शराब के निर्माण, परिवहन एवं बिक्री के साथ जुआ और अन्य अवैध गतिविधियों की जानकारी सीधे पुलिस तक पहुंचा सकेंगे। खास बात यह है कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखे जाने का भरोसा पुलिस ने दिया है। पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह एवं एसडीओपी सौरभ रत्नाकर के मार्गदर्शन में जिलेभर में अवैध शराब और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान को प्रभावी बनाने के लिए बुडेरा पुलिस ने यह व्यवस्था शुरू की है। पुलिस के अनुसार जारी हेल्पलाइन नंबर 7049129522 पर नागरिक फोन कॉल, मैसेज अथवा व्हाट्सएप के माध्यम से सूचना दे सकते हैं। क्षेत्र में कहीं अवैध रूप से शराब बनाई जा रही हो, उसका परिवहन या बिक्री हो रही हो अथवा जुआ और अन्य गैरकानूनी गतिविधियां संचालित हो रही हों, तो आमजन बिना किसी संकोच के पुलिस को जानकारी दे सकते हैं। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। पुलिस का उद्देश्य नागरिकों की सहभागिता से अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना और क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाना है। टीकमगढ़ पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि अवैध शराब के निर्माण, परिवहन और विक्रय के विरुद्ध कार्रवाई का अभियान लगातार जारी रहेगा।

दो वारंटी गिरफ्तार किए

ललितपुर। पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन में वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को तालबेहट और गिरार थाना पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को नियमानुसार गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया। एएसपी कालू सिंह के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना तालबेहट पुलिस ने एक वारंटी तथा थाना गिरार पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार वारंटियों में ग्राम खांदी मजरा बरवारी साई मंदिर के पास निवासी नरेंद्र कुमार यादव पुत्र राजू यादव शामिल हैं।

ट्रेन में महिला यात्री का पर्स चोरी आईफोन व 30 हजार नकदी पार

ललितपुर। मालवा एक्सप्रेस में यात्रा कर रही एक महिला यात्री का कीमती सामान और नकदी चोरी होने का मामला सामने आया है। चलती ट्रेन में महिला के सिरहाने रखा पर्स चोर पार कर ले गए। पर्स में करीब 95 हजार रुपये कीमत का आईफोन, 30 हजार रुपये नकद, महंगे चश्मे और महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे हुए थे। शिकायत पर जीआरपी थाना ललितपुर में अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पंजाब राज्य के अमृतसर में मकबूल रोड, व्हाइट एवेन्यू के सामने निवासी 51 वर्षीय अमिता अग्रवाल पत्नी समीर अग्रवाल 24 सितंबर को मालवा एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 12920) से जालंधर से उज्जैन की यात्रा कर रही थीं। वह ट्रेन के ए-2 कोच में सीट संख्या पांच पर सवार थीं। बताया गया कि 25 सितंबर की सुबह करीब सात बजे ट्रेन ललितपुर रेलवे स्टेशन से आगे बढ़ी। इसी दौरान महिला यात्री ने अपना काले रंग का बैग सीट पर पास में रख लिया और सो गईं। कुछ समय बाद जब उनकी आंख खुली तो सिरहाने रखा पर्स गायब मिला। उन्होंने आसपास काफी तलाश की, लेकिन पर्स का कोई पता नहीं चला। इसके बाद उन्हें चोरी की जानकारी हुई। चोरी हुए पर्स में आईफोन 15 प्रो, जिसकी कीमत करीब 95 हजार रुपये बताई गई है, 30 हजार रुपये नकद तथा लगभग 30 हजार रुपए कीमत के दो चश्मे (आईग्लास और सनग्लास) रखे हुए थे। इसके अलावा पर्स में आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, वोटर आईडी, पैन कार्ड, एसबीआई, पीएनबी और आईओबी बैंकों के क्रेडिट व एटीएम कार्ड, पोर्टेबल मोबाइल चार्जर और मेकअप किट भी मौजूद थी। चोरी हुए सामान की कुल कीमत डेढ़ लाख रुपये से अधिक बताई गई है। महत्वपूर्ण पहचान पत्र और बैंक कार्ड चोरी होने से महिला को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ दस्तावेजों के दुरुपयोग की आशंका भी है। शिकायत के आधार पर जीआरपी ने प्राथमिकी दर्ज की है।

5500 रुपए आंकी गई जब्त मादक पदार्थ की कीमत

अवैध रूप से गांजा बेचने की सूचना पर पुलिस की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ पलेरा

क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों के कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पलेरा थाना पुलिस ने गांजा बेचने के आरोप में एक व्यक्ति को कार्रवाई के दायरे में लिया है। पुलिस ने आरोपी के घर के बाहर बने चबूतरे से 360 ग्राम गांजा जब्त किया है। जब्त गांजे की कीमत करीब 5500 रुपए आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल के निर्देशन में जिले में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखने और उसकी बिक्री करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह एवं एसडीओपी जतारा अनिल कुमार सिंह के मार्गदर्शन में पलेरा थाना पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपी श्रीराम कुशवाहा के घर के बाहर बने चबूतरे से उसके कब्जे में रखा 360 ग्राम गांजा बरामद किया। पुलिस ने मादक पदार्थ को जब्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है। मामले में गांजे की उपलब्धता और उसके अवैध कारोबार से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच की जा रही है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रीति भार्गव सहित पुलिसकर्मी फूलचन्द्र बौद्ध, रमाशंकर कुशवाहा, रामप्रकाश, संतोष, रामकृष्ण, रामचन्द्र, ज्ञान सिंह सेंगर, बृजेन्द्र, प्रवेन्द्र पटेल, ललित कुशवाहा, मनोज, शिवदयाल, सुमित दुबे एवं नीतू विश्वकर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

बहन लेने ससुराल पहुंचे युवक के साथ हुआ विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



दिगौड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम नादिया में पारिवारिक विवाद के चलते एक युवक के साथ उसके जीजा और जीजा के माता-पिता द्वारा मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। विवाद उस समय शुरू हुआ, जब युवक अपनी बहन को लेने उसकी ससुराल पहुंचा, लेकिन ससुराल पक्ष के लोग भांजी को उसके साथ भेजने के लिए तैयार नहीं हुए। इसी बात को लेकर कहासुनी हुई और मामला मारपीट तक पहुंच गया। आरोप है कि इस दौरान जीजा ने लोहे की रॉड से हमला कर युवक के सिर में चोट पहुंचा दी। पीड़ित की शिकायत पर दिगौड़ा पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार रिगौरा निवासी जय सिंह यादव शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे अपनी बहन पुष्पा यादव को लेने ग्राम नादिया स्थित उसकी ससुराल पहुंचा था। बताया गया है कि ससुराल पक्ष के लोग पुष्पा को उसके भाई के साथ भेजने के लिए तैयार थे, लेकिन भांजी को साथ भेजने से इनकार कर रहे थे। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद शुरू हो गया। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर जय सिंह के जीजा विवेक यादव, उनकी मां रामदेवी यादव और पिता विनोद यादव ने उसके साथ मारपीट कर दी। इस दौरान विवेक यादव ने रॉड से हमला कर दिया, जिससे जय सिंह के सिर में चोट आई। घटना के बाद पीड़ित ने दिगौड़ा थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

विभाग ने बेसन लड्डू, छैना रसगुल्ला के नमूने लिए

ललितपुर। दीपावली पर्व के मद्देनजर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने गुरुवार को जनपद में जांच अभियान चलाया।

आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ तथा जिलाधिकारी के निर्देश पर विभागीय टीम ने दो स्थानों से मिठाइयों के नमूने संग्रहित किए। नमूनों को जांच के लिए भेजा जाएगा। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने तालाबपुरा, ललितपुर निवासी रोहन साहू पुत्र जगतराम साहू के निर्माण स्थल से बेसन लड्डू का नमूना संग्रहित किया। इसके अलावा घुसयाना स्थित विशाल मेगा मार्ट से छैना रसगुल्ला का नमूना लिया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से बताया गया कि दीपावली के अवसर पर बाजार में बिकने वाली मिठाइयों एवं अन्य खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

स्वामित्व योजना के जिला स्तरीय प्रथम हितग्राही बिहारीलाल पटेरिया का हुआ सम्मान

संपत्ति का कानूनी अधिकार, सम्मान व आत्मनिर्भरता की दिशा में अहम कदम

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



ग्रामीणों को उनकी संपत्ति का कानूनी अधिकार दिलाना केवल राजस्व अभिलेख उपलब्ध कराने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि उनके सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को मजबूत करने की पहल है। स्वामित्व का अधिकार ग्रामीणों के सुरक्षित भविष्य का आधार है। यह बात टीकमगढ़ विधायक यादवेंद्र सिंह बुंदेला ने धनतेरस के अवसर पर ग्राम पंचायत भवन गोपालपुरा में आयोजित स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन योजना 2026 के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कही।

विधायक यादवेन्द्र सिंह ने कहा कि स्वामित्व योजना के माध्यम से ग्रामीण परिवारों को उनकी संपत्ति का वैधानिक दस्तावेज उपलब्ध कराया जा रहा है। इससे वर्षों से आबादी भूमि पर निवास कर रहे परिवारों को अपनी संपत्ति के स्वामित्व का प्रमाण मिलेगा। संपत्ति के कानूनी दस्तावेज होने से ग्रामीणों का अधिकार सुरक्षित होगा और भविष्य में संपत्ति संबंधी विवादों की आशंका भी कम होगी। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि योजना का लाभ पात्र परिवारों तक पहुंचे और कोई भी हितग्राही अपने अधिकार से वंचित न रहे। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण जिला टीकमगढ़ के स्वामित्व योजना के प्रथम हितग्राही बिहारीलाल पटेरिया का सम्मान रहा। स्वामित्व योजना के अंतर्गत जिले की पहली रजिस्ट्री उनके नाम दर्ज हुई थी। इस उपलब्धि पर विधायक यादवेंद्र सिंह बुंदेला ने उनका सम्मान किया। इस दौरान योजना के माध्यम से ग्रामीणों को मिलने वाले कानूनी अधिकारों के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। उल्लेखनीय है कि धनतेरस के अवसर पर शासन के निर्देशानुसार जिले में स्वामित्व अधिकार अभिलेखों के निष्पादन एवं पंजीयन संबंधी कार्यों को शत-प्रतिशत पूर्ण कराने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसके तहत सांसद, मंत्री एवं विधायक अपने पैतृक अथवा पसंदीदा ग्रामों में पहुंचकर ग्रामीणों से संवाद कर रहे हैं और स्वामित्व अभिलेखों की प्रगति की जानकारी लेकर शेष कार्यों को शीघ्र पूरा कराने की पहल कर रहे हैं। इसी क्रम में टीकमगढ़ विधायक यादवेंद्र सिंह बुंदेला की अध्यक्षता में तहसील टीकमगढ़ की ग्राम पंचायत नारगुड़ा के ग्राम उत्तमपुरा तथा ग्राम पंचायत गोपालपुरा के ग्राम गोपालपुरा भाटा में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को स्वामित्व अभिलेखों के माध्यम से संपत्ति का कानूनी अधिकार दिलाना और योजना के सभी कार्यों का समयबद्ध तरीके से निष्पादन सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर अंजली शर्मा, तहसीलदार सतेंद्र गुर्जर, सूर्यप्रकाश मिश्रा, लक्ष्मण रैकवार, नरेंद्र परिहार, पटवारी अनुराग पाठक, पंचायत सचिव रशीद आदि रहे मौजूद।

ग्राहकों से गुलजार रहा बाजार, दीपोत्सव की हुई शुरुआत

धनतेरस पर हर सेक्टर में बरसा धन, कारोबार 10 करोड़ के पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

दीप पर्व दीपावली की शुरुआत शुक्रवार को धनतेरस से हुई। खरीदारी के लिए विशेष संयोग होने से जिले में खूब धन बरसा। शहर सहित जिले भर में लोगों ने जमकर खरीदारी की। 10 करोड से अधिक का कारोबार होने का अनुमान है। बड़ी संख्या में लोगों ने जेवरात, सोने-चांदी के सिक्के, इलेक्ट्रानिक सामान, गिफ्ट आइटम, बर्तन, बाइक, ट्रैक्टर और कार से लेकर घरेलू साज-सज्जा का सामान खरीदा। कुछ लोगों ने ऑनलाइन खरीदारी भी की।

धनतेरस पर शहर सहित अंचलभर के बाजारों में दिनभर खरीदारों की भीड़ उमड़ी। बाजार में सराफा, इलेक्ट्रानिक, रेडीमेड कपड़ों की दुकान के अलावा आटो मोबाइल सेक्टर में रौनक रही। दोपहर बाद बाजार में भीड़ के कारण पैर रखने की जगह नहीं थी। व्यापारियों की मानें तो धनतेरस पर जिले में 10 करोड़ से अधिक का कारोबार होने की उम्मीद है। मुख्य बाजार में आटो, चार पहिया वाहन नहीं जा सकें, इसके लिए पुलिस ने गोलंबर और मेन बाजार के पास बेरिकेड्स लगाकर जवानों को तैनात किया।

सराफा बाजार

सोने-चांदी के अभूषण की दुकानों पर सुबह 11 बजे के बाद खरीदारों की भीड़ आना शुरू हुआ। खरीदारी के लिए महिलाओं में अधिक उत्साह दिखा। सराफा व्यापारी की माने तो धनतेरस पर इस बार महिलाएं नई डिजायन के मंगलसूत्र, चूड़ी, कान के बाला, छोटे-छोटे टाप्स और चांदी की पायल, बिछिया खरीदना पसंद कर रही हैं। जिले में लगभग एक करोड से ज्यादा का कारोबार होने की जानकारी मिली है।

ऑटोमोबाइल

ऑटोमोबाइल शोरूम संचालकों ने धनतेरस को लेकर पहले से ही दोपहिया वाहनों का स्टाक मंगा लिया था। लोगों ने बाइक खरीदने के लिए एडवांस में बुकिंग करा ली थी। शुक्रवार को बजाज, हीरो,होंडा, टीवीएस सहित अन्य आटो मोबाइल के शोरूम पर खरीदारों की भीड़ रही। जिलेभर में आटो मोबाइल सेक्टर के अलावा ट्रैक्टर, ऑटो आदि का सात करोड़ से ज्यादा का कारोबार हुआ है।

बर्तन की दुकान

धनतेरस पर सबसे अधिक मांग बर्तनों की होती है। बाजार में इस बार स्टील के बर्तन के अलावा ओवन, इंडेक्शन कुकर के अलावा टंकी, गिलास, थाली, चम्मचों का सेट की विशेष मांग है। बर्तन भंडार के संचालक की मानें तो जिलेभर में करीब 80 लाख रुपये से अधिक का कारोबार हुआ है।

इलेक्ट्रानिक्स बाजार

इलेक्ट्रानिक्स शोरूम पर एलईडी टीवी, होम थियेटर, फ्रिज, वाशिंग मशीन, पानी फिल्टर के लिए आरो, प्रेस सहित अन्य उपकरणों की मांग विशेष रही। इलेक्ट्रॉनिक्स कारोबार से जुड़े आशीष कुमार की मानें तो जिले में इलेक्ट्रानिक्स बाजार में करीब 70 लाख रुपए का कारोबार होने का अनुमान है।

कपड़ा बाजार

रेडिमेड शोरूम पर युवाओं की खासी भीड़ रही। अलग से दिखने के लिए युवा बांबे पेटर्न के सिले कपड़ों की अधिक मांग रही। त्योहार के चलते रेडिमेड शोरूम संचालकों ने पहले से ही नई बैराटियों के कपड़े मंगा लिया थे। इन दुकानों पर देर रात तक खरीदारों की भीड़ रही। धनतेरस पर जिलेभर के कपड़ा बाजार में करीब 30 लाख रुपये का कारोबार हुआ है।

अन्य सेक्टर

धनतेरस के मौके पर अन्य सेक्टरो में भी लोगो ने खूब खरीदारी की।बताया जा रहा है कि अन्य सेक्टरो में जिलेभर में करीब 20 लाख रुपये से अधिक की बिक्री हुई है। उधर सजावटी सामान भी खूब बिका।







छह दिन छाया रहेगा दीपोत्सव का उल्लास

यूं तो दीपावली का त्यौहार पांच दिनों तक मनाया जाता है,लेकिन इस बार दीपावली का त्यौहार छह दिनों तक मनाया जाएगा। दरअसल इस दफा अमावस्या तिथि दो दिन पड रही है इसलिए जिलेभर में महालक्ष्मी पूजन 8 नवंबर को किया जाएगा। जबकि गोवर्धन पूजा 10 नवंबर और भाईदौज 11 नवंबर को मनाई जाएगी। ऐसे में 6 नवंबर से शुरू हुआ दीपोत्सव का उल्लास 11 नवंबर तक जिलेभर में छाया रहेगा।

उपहार भेंटकर आशीर्वाद लिया

प्रेरणा वृद्धाश्रम पहुंची कलेक्टर बुजुर्गो के साथ मनाई दीपावली

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कलेक्टर शीला दाहिमा ने शुक्रवार को प्रेरणा वृद्धाश्रम पहुंचकर बुजुर्गो के साथ दीपावली मनाई, इस दौरान उन्होंने वृद्धजनो को उपहार भेंटकर आर्शीवाद लिया। धनतेरस पर बुजुर्गो के बीच पहुंची कलेक्टर शीला दाहिमा ने बुजुर्गो के साथ दीपावली खुशिया साझा करते हुए उन्हें उपहार भेंट किये, साथ ही बुजुर्गो के साथ मिलकर फूलझडी और अनार जलाये। इस अवसर पर उन्होंने बुजुर्गो के साथ आत्मीय संवाद करते हुए उनके स्वास्थ्य देखभाल, दैनिक दिनचर्या के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। उन्होंने सभी बुजुर्गो को दीप पर्व की शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।

इस दौरान उन्होंने वृद्धाश्रम में मौजूद सभी बुजुर्गो को स्वेटर, टोपा सहित सर्दीयों के लिए उपयोगी प्रसाधन सामग्री, मिठाई और आतिशबाजी के रूप में फूलझडियों और अनार के पैकेट भेंट किये गये। इस अवसर पर बुजुर्गो द्वारा कलेक्टर शीला दाहिमा को बहुत ही स्नेहपूर्ण भाव के साथ आर्शीवाद प्रदान किया गया। कलेक्टर ने इस अवसर पर बताया कि सार्थक दीवाली की पहल के तहत सभी की दीवाली रोशन हो, के भाव के साथ प्रशासन के अन्य अधिकारी भी गांव में पहुंचकर लोगों के साथ दीपावली मनाकर अपनी खुशियां साझा कर रहे है। उन्होंने कहा कि पोषण जोडो-पुडिया छोडो अभियान में बुजुर्ग भी अपनी इच्छानुसार सहयोग प्रदान कर सकते है। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर शिव लाल शाक्य, उप संचालक सामाजिक न्याय शशिकिरण इक्का, सहायक संचालक उद्योग शुभम अग्निहोत्री, वृद्धाश्रम संचालक धर्मेन्द्र शर्मा आदि मौजूद रहे।





समाजसेवियों ने बुजुर्गो के संग साझा किया दीवाली का उत्सव

उधर कुछ समाजसेवी नागरिको ने प्रेरणा वृद्ध आश्रम पहुंचकर उन बुजुर्गो के संग दीपावली का उल्लास साझा किया जिन्हें अपनों ने किन्ही कारणों से त्याग दिया है। ऐसे बुजुर्गो को अपनापन का एहसास कराते हुऐ समाजसेवी बिहारी सिंह सोलंकी, विष्णु सिंहल ने अपनी टीम के साथ आश्रम पहुंचकर बुजुर्गो के पैर छुए और उन्हें नए कपड़े, मिठाई पटाखे दीपावली के उपहार के रूप में दिया। इस दौरान रमाकांत, मनोज वैष्णव सहित राधे, कृष्णा लक्ष्य उपस्थित रहे।

दीपावली की खरीदारी के लिए बाजार में उमड़ी भीड़ चोरों ने भीड़ का फायदा उठाकर काटी कई लोगों की जेब

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

दीपावली के त्योहार को लेकर शहर के बाजारों में रौनक बढ़ गई है। शुक्रवार को खरीदारी के लिए बाजार में लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। कपड़ा, बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक्स, मिठाई और पूजन सामग्री की दुकानों पर ग्राहकों की चहल-पहल देखने को मिली। त्योहार की खरीदारी के उत्साह के बीच जेबकतरों ने भी सक्रियता दिखाते हुए कई लोगों को अपना निशाना बना लिया।

बाजार में उमड़ी भीड़ का फायदा उठाकर जेबकतरों ने कई लोगों की जेब काट ली। खरीदारी में व्यस्त लोगों को इसकी भनक तक नहीं लगी। कुछ लोगों को जब अपने पर्स और जेब में रखी नकदी गायब होने का पता चला, तो बाजार में हड़कंप मच गया। त्योहार की खुशियों के बीच जेब कटने की घटनाओं से लोगों में नाराजगी और चिंता भी देखने को मिली। जेब कटने की घटना के शिकार हुए ग्राम तिल्लीपुर निवासी संतोष गोस्वामी ने बताया कि शुक्रवार को जब वह शहर के मुख्य बाजार स्थित सूबात चैराहे पर दीपावली को लेकर जरूरी सामान की खरीदारी कर रहा था,तभी उसकी जेब कट गई। इस दौरान कोई जेबकतरा उसकी जेब में रखे करीब 11 हजार रूपए,हम दोनो पिता पुत्र के आधारकार्ड और पेन कार्ड आदि जरूरी दस्तावेज चोरी हो गए।जेब कटने का पता चलने पर वहां मौजूद पुलिसकर्मियों को भी इस संबंध में अवगत कराया,लेकिन उनके द्वारा भी गंभीरता दिखाने के बजाए टालमटोलभरा रवैया अपनाया। संतोष के अलावा अन्य कई लोगो की जेब भी खरीदारी के दौरान कट गई। जिसके चलते बाजारों में लगातार बढ़ रही भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। लोगों का कहना है कि त्योहार के दौरान बाजारों में पुलिस की सक्रियता बढ़ाई जानी चाहिए, ताकि जेबकतरों और असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जा सके। वहीं, खरीदारी करने आने वाले लोगों को भी अपने पर्स, मोबाइल और नकदी के प्रति सतर्क रहने की जरूरत है।



संतोष गोस्वामी,जिनकी कटी जेब

कमजोरी और केंसर की जड़ है बीड़ी तंबाकू पुड़िया: जादौन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कमजोरी और कैंसर जैसी भयावह बीमारी जिसने सोंईकला क्षेत्र में किसी राक्षस की तरह अपने पांव पसारे हुए हैं। इससे बचने का एकमात्र तरीका पान पुड़िया तंबाकू बीड़ी सिगरेट का त्याग करना है। नशा इस गंभीर बीमारी को आमंत्रण दे रहा है जिसके कारण दर्जनों लोगों की मौत इस बीमारी से हो चुकी है और कई मौत से जूझ रहे हैं। यह बात समाजसेवी जयसिंह जादौन ने सोंईकला के एकतापुरा गांव में नशा विरोधी अभियान के दौरान सम्बोधन देते हुए कही।

एकतपुरा में समुदाय बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सहरिया समाज में बढ़ रहे कुपोषण और कैंसर रोग के फैलाव पर चर्चा की गई। इस दौरान महात्मा गांधी सेवा आश्रम के बरिष्ठ समाजसेवी जयसिंह जादौन ने बताया कि हमारे पूरे क्षेत्र में पुड़िया और तंबाकू के कारण मानव शरीर कमजोर होता जा रहा है साथ ही हमारा बीज वंश भी कमजोर हो रहा है जिसके कारण ठिगने और कमजोर बच्चे पैदा हो रहे हैं एक तरफ फसलों में बहुत सारा केमिकल उपयोग किया जा रहा है जिसके कारण कैंसर के खतरे बढ़ रहे हैं दूसरी तरफ हम ऊपर से और पुड़िया नमक जहर को ले रहे हैं जिससे कि हमारे बच्चे भी बहुत कमजोर पैदा होरहे है और बीमारियों से नहीं लड़ पा रहे। कार्यक्रम के अंत में नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में डोगर भाई, गंगाराम आदिवासी, मोहन आदिवासी, मोहन सिंह, जगदीश, मोरपाल, पप्पू, नाथीबाई, कौशल्या बाई, कुलदीप, हरज्ञान सहित अनेक महिला पुरुष उपस्थित रहे।





उमरा से लौटने पर आत्मीय स्वागत

श्योपुर। वीरपुर अंजुमन कमेटी के सदर मुमताज खान उमरा (मिनी हज) से लौटने पर वीरपुर वासियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। ज्ञात हो कि मुमताज खान 20 दिन के टूर पर उमरा करने सऊदी मक्का मदीना गए थे जिनकी 24 अक्टूबर को वापसी की फ्लाइट थी लेकिन हुती विद्रोहियो के सऊदी पर हमले के बाद इंडियन एयरलाईनस ने उडाने कैंसिल कर दी थी जिससे उन्हें वहीं रुकना पड़ा था। शुक्रवार को मुरैना से होते हुए घर पहुंचे वीरपुर के सदर मुमताज खान का जगह-जगह उनके समर्थकों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। स्वागत सत्कार में आए लोगों का सदर बीरपुर ने आभार जताते हुए सभी के लिए हज उमरा करने की दुआ भी की।

स्वयं गणना का विकल्प भी है, लोग मोबाइल से खुद कर सकेंगे परिवार की गणना

5 जनवरी से घर-घर पहुंचेगी जनगणना टीम भवन गणना पूरी हुई, अब गिने जाएंगे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जिले में भवन गणना का कार्य पूरा हो चुका है। अब अगले चरण में लोगों की गिनती होगी। जनगणना 2027 के दूसरे चरण (जनसंख्या गणना) के तहत 25 जनवरी से 28 फरवरी 2027 तक जनगणना टीम घर-घर पहुंचेगी। जो परिवार के सदस्यों की गिनती करेंगी। ज्ञात हो कि इससे पहले जनगणना 2011 में हुई थी, नियमानुसार 2021 (10वर्ष) में गणना होनी थी लेकिन किन्ही कारणों से देरी से हो रही है।

25 जनवरी से ड्यूटी में लगाए गए प्रगणक घर-घर जाकर परिवार के सदस्यों की जानकारी दर्ज और सत्यापित करेंगे। इसके बाद 1 से 5 मार्च 2027 तक पुनरीक्षण का दौर चलेगा, जिसमें छूटी हुई जानकारी को दुरुस्त किया जाएगा। हालांकि की सूची तैयार कर ली गई है जिन्होंने पूर्व में भवन गणना का काम सफलतापूर्वक कर लिया है। पूर्व में बनाए गए सुपरवाइजरों को दोबारा प्रशिक्षण दिया जा चुका है अब प्रगणकों का प्रशिक्षण होगा जिसके लिए उन्हें सूचना भी जारी कर दी गई है हालांकि प्रशिक्षण कासमय तय नहीं हुआ है लेकिन प्रगणकों से पूरी तरह तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं। सरकार सभी विभागों को निर्देशित कर दिया गया है कि जो कर्मचारी प्रेरणा बनाए गए हैं उन्हें जनगणना के काम के लिए जरूरत अनुसार तत्काल रिलीज किया जाए।



अचानक बदला उपस्थिति का तरीका

उधर शिक्षा विभाग में दीपावली के अवकाश से 1 दिन पहले यानी गुरुवार को ऑनलाइन उपस्थिति का तरीका बदल दिया है पहले यह उपस्थित दो चरणों में लगाई जाती थी यानी दो पालियों वाले स्कूलों में सुबह 7:00 बजे और दोपहर वाली पाली में दोपहर 12 बजे उपस्थित लगती थी सुबह वाली पाली में लॉग्ग आउट 12 बजे के बाद और दोपहर वाली पाली की 5:00 के बाद या इसके बाद भी होती थी पर गुरुवार को व्यवस्था में ऐसा बदलाव किया कि सिर्फ 10:30 बजे उपस्थित लगाई गई और देरी होने पर शिक्षकों की उपस्थिति नहीं लगी जिससे प्रदेश के अधिकतर शिक्षक बिना उपस्थित दिखाई दिए साथ ही लोग आउट का समय भी बदल दिया गया जिससे समय पर लॉग आउट नहीं हुए लेकिन आश्चर्य जनक बदलाव यह कर दिया की रात में लोंग आउट होने की व्यवस्था रखी गई है. जिसकी जानकारी शिक्षकों को नहीं मिली अगर यह व्यवस्था जनगणना में चलेगी तो रात में लोग आउट होने की सुविधा तो उनके लिए ठीक रहेगी लेकिन समय पर उपस्थित नहीं लगाने में अगर वह चूक गए तो क्या होगा?।

शिक्षकों को नहीं मिलेगी ऑनलाइन उपस्थिति से छूट

जनगणना के काम में सबसे अधिक प्रगणक शिक्षक बनाए गए हैं। हालांकि स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रगणक बने शिक्षकों को मांग अनुसार तत्काल जनगणना कार्य के लिए रिलीव करने के निर्देश तो जारी कर दिए हैं लेकिन ऑनलाइन उपस्थिति पर पेंच फंस गया है। शिक्षकों की मांग है की जनगणना में लगे कर्मचारियों को ऑनलाइन उपस्थिति से मुक्ति दी जाए क्योंकि जनगणना का काम घंटे दो घंटे का नहीं पूरे 24 घंटे का रहेगा और लोकेशन भी अलग होगी पर शिक्षा विभाग ने शिक्षक संगठनों की इस मांग को खारिज करते हुए ऑनलाइन उपस्थिति को आवश्यक बनाए रखा है। लेकिन रियायत यह दे दी है कि वह अपनी लोकेशन बदल सकते हैं यानी जिस क्षेत्र में उनकी ड्यूटी लगाई गई है वह वहां अपनी लोकेशन सेट कर सकेंगे ताकि जब भी जनगणना पर जाए अपनी उपस्थिति स्कूल समय अनुसार ही लगे।

एक यूनिक से आईडी मिलेगी

इस बार सरकार ने स्व-गणना का विकल्प भी रखा है। लोग 10 से 24 जनवरी 2027 के बीच अपने मोबाइल से ऑनलाइन पोर्टल पर जाकर अपने परिवार की जानकारी खुद भर सकते हैं। जानकारी सबमिट करते ही एक यूनिक से आईडी मिलेगी। जब जनगणना टीम घर आएगी तो बस यह से आईडी दिखानी होगी, इससे लंबी पूछताछ नहीं होगी और काम जल्दी पूरा हो जाएगा। कलेक्टर शीला दाहिमा ने नागरिकों से अपील की है कि स्व-गणना का लाभ उठाएं और जनगणना टीम का सहयोग करें, ताकि जिले की सही जनसंख्या का आंकड़ा तैयार हो सके।

इनका कहना..

जनगणना के कार्य करते समय उपस्थिति नहीं लगी तो क्या होगा। काम करने के बाद भी शिक्षक का वेतन कटेगा तो इसका जिम्मेदार कौन होगा। हमने जनगणना ड्यूटी में लगे शिक्षकों को ऑनलाइन उपस्थिति से मुक्त रखने की मांग की है।

रामचरित रावत
जिलाध्यक्ष राज्य शिक्षक संघ श्योपुर

शहर काजी ने लगाई मेवाती समुदाय के फैसले पर वैधता की मुहर



श्योपुर। शहर काजी अतीक उल्लाह कुरेशी ने मेवाती समाज के उस फैसले पर स्थानीय इस्लामिक विधि की मोहर लगा दी जिसमें मेवाती समाज ने अपनी जाति में होने वाले शादी विवाह से पहले लग्न की रस्म को खत्म करने का ऐलान किया था। मेवाती समाज के इस फैसले पर शहर काजी ने सहमति जताते हुए अपने कार्यालय से एक पत्र जारी कर दिया है। इसमें इस प्रथा को बंद करने का उल्लेख है। विगत दिनों मेवाती समाज ने ईदगाह परिसर में एक बैठक आयोजित कर निर्णय लिया था कि शादी ब्याह का खर्च कम करने के लिए शादी से पहले होने वाले लगन के रस्म को खत्म किया जाए लग्न की रस्म के चलते शादी विवाह वाले परिवार पर अतिरिक्त खर्च का मार पड़ता है क्योंकि इसमें आने वाले मेहमानों के भोजन की व्यवस्था करने के साथ उपहार भी दिए जाते हैं। जिससे इस बुराई को खत्म करने के लिए मैं मेवाती समाज के अध्यक्ष अहमद मेवाती (एमू) की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई जिसमें सभी गांवो से प्रतिनिधि पहुंचे थे सभी ने सहमति देते हुए निर्णय लिया था कि लग्न रस्म पूरी तरह समाप्त कर की जाए और जरूरत अनुसार सिर्फ दो लोग चिट्ठी लेकर तारीख लेने जाएंगे किसी भी पक्ष पर अनावश्यक बोझ नहीं बनेंगे। अगर इस कानून के खिलाफ किसी ने काम किया तो उसका निकाह नहीं पढ़ाया जाएगा साथ ही समाज द्वारा जो सामाजिक बहिष्कार किया जाएगा। शहर काजीने भी अब इसमें सहमति जताते हुए अपने दफ्तर से पत्र जारी कर दिया है जिसमें समाज के निर्णय के खिलाफ जाने वालों के निकाह नहीं पढ़ाने का उल्लेख भी है।

जानपुरा से महिला लापता आवदा के युवक पर शक एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

देहात थाना क्षेत्र के ग्राम जानपुरा से संदिग्ध परिस्थितियों के बीच एक 45 साल की महिला घर से लापता हो गई। महिला के पति ने इस मामले की शिकायत देहात थाने में दर्ज कराते हुए आवदा के एक व्यक्ति पर संदेह व्यक्त किया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम लुहाड हाल जानपुरा निवासी शंभूलाल गुर्जर ने देहात थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी पत्नी तस्वीर बाई अचानक घर से लापता हो गई। उसे संदेह है कि उसकी पत्नी को आवदा निवासी वीरेन्द्र सिंह अपने साथ लेकर गया है। पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है।

बंदियों को दिलाई नशे से दूर रहने की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कलेक्टर शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में जिला जेल श्योपुर में बंदियों के मानसिक एवं शारीरिक विकास-सुरक्षा हेतु तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 4.0 के तहत दन्त परीक्षण एवं राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य जागरूकता पर सेमीनार का आयोजन किया गया। सेमीनार में 80 बंदियों ने सहभागिता की तथा उन्हें दांतों में होने वाली विभिन्न बीमारियों उनसे बचाव एवं दांतों की नियमित साफ-सफाई के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। बंदियों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलवाई गई, कई बंदियों ने जेल से छूटने के बाद कभी नशा न करने की बात बताई। नशे से ग्रसित बंदियों के लिए तम्बाकू निरोधक दवाईयां जेल डिस्पेसरी को उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर चिकित्सको द्वारा बंदियों का दंत परीक्षण किया गया। इस कार्यक्रम में जेल अधीक्षक प्रभात कुमार, जेल चिकित्सक डॉ. संजय जैन, नोडल अधिकारी राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य कार्यक्रम डॉ. प्रदीप शर्मा, एमटीडब्ल्यू डॉ राधिका मित्तल एवं ललित शर्मा उपस्थित रहे।



12 लाख नकद और 10 लाख के सोने-चांदी के जेवर समेट ले गए चोर

परिवार सोता रहा, सूने कमरे का कुंदा काटकर 22 लाख की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

जिले के रन्नौद थाना क्षेत्र के ग्राम खरेह में चोरों ने एक मकान को निशाना बनाते हुए करीब 22 लाख रुपये की बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर मकान के पिछले हिस्से से अंदर दाखिल हुए और कमरे का कुंदा काटकर वहां रखे बक्सों में से सूटकेस निकाल ले गए। सूटकेस में रखे 12 लाख रुपये नकद और करीब 10 लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के जेवरात लेकर चोर फरार हो गए। हैरानी की बात यह है कि जिस मकान में चोरी हुई, उसी के दूसरे कमरे में परिवार के सदस्य सोते रहे और उन्हें घटना की भनक तक नहीं लगी।

जानकारी के अनुसार, घटना बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात की बताई जा रही है। आशंका है कि रात 2 से 4 बजे के बीच चोर मकान के पिछले रास्ते से अंदर पहुंचे। इसके बाद उन्होंने कमरे का कुंदा काटकर वहां रखे बक्सों को खंगाला और सूटकेस लेकर निकल गए। सुबह जब घर की महिला सदस्य उठीं तो कमरे का टूटा हुआ कुंदा और बिखरा सामान देखकर उनके होश उड़ गए। इसके बाद परिजनों को चोरी की जानकारी हुई और तत्काल पुलिस को सूचना दी गई।



फसल बिक्री की रकम से घर में रखे थे 12 लाख रुपये

पीड़ित अंकित ने बताया कि फसल बिक्री से प्राप्त 8 लाख रुपये पहले बैंक खाते में जमा किए गए थे। करीब चार महीने पहले बैंक द्वारा 1100 रुपये की पेनल्टी काटे जाने से नाराज होकर उन्होंने पिता की सलाह पर बैंक से पूरी रकम निकाल ली थी। इसके बाद फसल बिक्री से मिले 4 लाख रुपये और जोड़कर कुल 12 लाख रुपये घर में रख दिए थे। परिवार की योजना इस रकम से नया ट्रैक्टर खरीदने अथवा प्लॉट लेने की थी, लेकिन चोरों ने मेहनत की कमाई पर हाथ साफ कर दिया।

पुश्तैनी जेवर भी ले गए चोर

चोर नकदी के साथ परिवार के पुश्तैनी सोने-चांदी के आभूषण भी ले गए। इनमें सोने का हार, चेन और अंगूठियां सहित अन्य जेवर शामिल बताए गए हैं। चोरी गए आभूषणों की अनुमानित कीमत करीब 10 लाख रुपये बताई गई है। इस प्रकार नकदी और जेवरात मिलाकर कुल 22 लाख रुपये की चोरी हुई है। इसी रात गांव में बंधु सिंह रघुवंशी के मकान को भी चोरों ने निशाना बनाया, जहां से करीब 20 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए गए।

सीसीटीवी में मुंह ढंके दो संदिग्ध कैद

घटना के बाद गांव में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई तो दो संदिग्ध युवक कैमरे में दिखाई दिए। बताया जा रहा है कि दोनों ने अपने चेहरे कपड़े से ढंक रखे थे और हाथों में ग्लव्स पहने हुए थे, ताकि उनकी पहचान न हो सके और फिंगरप्रिंट भी न मिलें। हालांकि, पुलिस की ओर से अभी तक यह फुटेज सार्वजनिक नहीं किए गए हैं।

डॉग स्क्वॉड और फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट ने जुटाए साक्ष्य

सूचना मिलने पर रन्नौद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने डॉग स्क्वॉड तथा फिंगरप्रिंट विशेषज्ञों को बुलाकर आवश्यक साक्ष्य जुटाए हैं। फिलहाल पुलिस गांव और आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। दो संदिग्धों की गतिविधियों के आधार पर चोरों तक पहुंचने के प्रयास किए जा रहे हैं। एक ही रात में दो मकानों में चोरी की घटनाओं से गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने पुलिस से जल्द आरोपियों की पहचान कर चोरी गई नकदी और जेवरात बरामद करने की मांग की है।

गिलगवां के पास सड़क हादसे में युवक की मौत पर हंगामा

परिजनों ने शव रखकर 3 घंटे तक फोरलेन हाईवे पर किया चक्काजाम, हत्या का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी





कोलारस थाना क्षेत्र के अंतर्गत गिलगवां गांव के पास फोरलेन हाईवे पर सड़क किनारे एक 35 वर्षीय युवक का शव मिलने के बाद शुक्रवार सुबह जमकर हंगामा हुआ। परिजनों और ग्रामीणों ने इसे सामान्य हादसा न मानकर हत्या का आरोप लगाया और सुबह 11 बजे शव को फोरलेन हाईवे पर रखकर चक्काजाम कर दिया। करीब तीन घंटे तक चले इस प्रदर्शन के कारण फोरलेन हाईवे के दोनों ओर पांच-पांच किलोमीटर लंबी वाहनों की कतारें लग गईं। कोलारस एसडीओपी संजय मिश्रा एवं टीआई जितेंद्र चंदेलिया द्वारा निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई के आश्वासन के बाद दोपहर करीब 2 बजे जाम समाप्त हुआ।

जानकारी के मुताबिक मोहराई गांव निवासी 35 वर्षीय हिरेंद्र धाकड़ पुत्र शिवचरण धाकड़ गुरुवार शाम करीब 4 बजे ट्रैक्टर लेकर खेत जुताई की बात कहकर घर से निकला था। देर रात तक जब वो वापस नहीं लौटा, तो परिजनों ने उनकी तलाश और फोन पर संपर्क करने की कोशिश की। रात करीब 3 बजे डायल 112 की टीम ने मृतक की पत्नी भारती धाकड़ का फोन उठाकर उन्हें सड़क पर शव मिलने की सूचना दी। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे, जहां हिरेंद्र का शव क्षत-विक्षत अवस्था में पड़ा था, जबकि उनका ट्रैक्टर घटनास्थल से करीब 25 फीट दूर सुरक्षित खड़ा मिला।

परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

मृतक के भाई अभय प्रताप सिंह धाकड़ और परिजनों ने आरोप लगाया कि यह महज सड़क दुर्घटना नहीं बल्कि सुनियोजित हत्या का मामला है। परिजनों का कहना है कि घटनास्थल पर ट्रैक्टर सुरक्षित खड़ा था, जबकि शव उससे दूर था। रात 2 से 3 बजे के बीच हिरेंद्र के मोबाइल से कुछ अज्ञात नंबरों पर बातचीत हुई थी तथा मोबाइल से पैसों का ऑनलाइन ट्रांजेक्शन भी किया गया था। परिजनों ने पुलिस से इन संदिग्ध मोबाइल नंबरों, कॉलिंग डिटेल्स और पैसों के लेन-देन की गहनता से जांच करने की मांग की है। एसडीओपी संजय मिश्रा और थाना प्रभारी जितेंद्र चंदेलिया पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। परिजनों और ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच और आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर फोरलेन हाईवे पर जाम लगा दिया था। एसडीओपी संजय मिश्रा द्वारा मामले में पूरी पारदर्शिता और निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाए जाने के बाद जाम खोला गया। कोलारस थाना प्रभारी जितेंद्र चंदेलिया ने बताया कि मृतक के परिजनों की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तकनीकी साक्ष्यों की जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

ढांड गांव में आसमान से गिरा ड्रोन कैमरा जांच में निकला बबीना आर्मी कैंप का

रिहर्सल के लिए उड़ाया गया था ड्रोन, रेंज से बाहर होने के कारण खेतों के पास गिरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

जिले के दिनारा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ढांड में गुरुवार को उस समय ग्रामीणों में हड़कंप मच गया, जब आसमान से अचानक एक संदिग्ध ड्रोन कैमरा खेतों के पास आकर गिरा। अचानक हुई इस घटना को देखकर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए। ड्रोन को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। ग्रामीणों ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल स्थानीय प्रशासन और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही तहसीलदार एवं दिनारा थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और सुरक्षा की दृष्टि से ड्रोन कैमरे को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू की।



जांच में सामने आया बबीना आर्मी कैंप का कनेक्शन

प्रारंभिक जांच में सामने आया कि खेतों के पास गिरा ड्रोन कैमरा उत्तर प्रदेश के बबीना स्थित मिलिट्री कैंप का था। बताया गया कि सैन्य अभ्यास (रिहर्सल) के लिए ड्रोन को उड़ाया गया था, लेकिन निर्धारित रेंज से बाहर चले जाने के कारण वह ग्राम ढांड के पास आकर गिर गया। ड्रोन के सैन्य कैंप से संबंधित होने की जानकारी सामने आने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। हालांकि, घटना ने एक बार फिर ग्रामीण क्षेत्रों में आसमान से गिरने वाली संदिग्ध वस्तुओं को लेकर सुरक्षा और सतर्कता का सवाल खड़ा कर दिया है।

इनका कहना है

यह ड्रोन बबीना मिलिट्री कैंप का है जो रिहर्सल के लिए छोड़ा गया था और रेंज से बाहर होने की वजह से दिनारा क्षेत्र में गिर गया था।

अरविंद छारी, थाना प्रभारी दिनारा

राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर तीन वाहनों की भीषण भिड़ंत, नेपाल के यात्रियों सहित 10 घायल

शिवपुरी। जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर गुरुवार रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। सुरवाया थाना क्षेत्र में वन देवी मंदिर के पास कंटेनर, मिनी ट्रक और यात्री बस के बीच हुई जोरदार भिड़ंत में 10 लोग घायल हो गए। घायलों में तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे के वक्त बस में नेपाल के यात्री सवार थे, जो गुजरात जा रहे थे। जानकारी के अनुसार, गुरुवार रात करीब 9 बजे एनएच-27 पर एक कंटेनर में तकनीकी खराबी आने के कारण उसकी रफ्तार धीमी हो गई और वह सड़क पर रुक गया। इसी दौरान करैरा की ओर से आ रहा मिनी ट्रक कंटेनर से जा टकराया। मिनी ट्रक की टक्कर के कुछ ही देर बाद पीछे से आ रही यात्रियों से भरी बस भी उसमें जा भिड़ी। तीन वाहनों की इस भिड़ंत में मिनी ट्रक और बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। दुर्घटना में बस चालक सहित 10 लोग घायल हुए हैं।

हादसे की सूचना मिलते ही सुरवाया थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज शिवपुरी पहुंचाया, जहां तीन गंभीर घायलों का उपचार जारी है। घटना के बाद पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हाईवे से हटवाकर यातायात सुचारू कराया। वहीं सुरवाया पुलिस द्वारा हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

कोलारस में सुरक्षा व्यवस्था सख्तः टीआई ने बैंकों व एटीएम का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

त्योहारों और सुरक्षा के मद्देनजर कोलारस थाना पुलिस पूरी तरह सतर्क नजर आ रही है। इसी क्रम में गुरुवार को कोलारस थाना प्रभारी जितेंद्र चंदेलिया ने पुलिस बल के साथ कोलारस नगरीय क्षेत्र स्थित प्रमुख बैंकों और एटीएमों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों और गार्ड्स की तैनाती का जायजा लिया। टीआई चंदेलिया ने नगर में स्थित एसबीआई बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, केनरा बैंक, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक सहित विभिन्न राष्ट्रीय व निजी बैंकों की शाखाओं और उनके आसपास बने एटीएम बूथों का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बैंक परिसरों के भीतर सुरक्षा इंतजामों को परखा और बैंक अधिकारियों से चर्चा की। निरीक्षण के दौरान टीआई चंदेलिया ने सभी बैंक मैनेजरों और प्रबंधकों को सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रखने के निर्देश दिए। एटीएम और बैंक परिसरों पर सुरक्षा तथा 24 घंटे गार्ड तैनात रखने की बात कही। बैंक के अंदर और बाहर लगे सभी सीसीटीवी कैमरों को सुचारू रूप से चालू रखने के निर्देश दिए गए, ताकि हर गतिविधि पर नजर रखी जा सके। बैंक कर्मियों को निर्देश दिए गए कि वे आने-जाने वाले संदिग्ध लोगों पर विशेष नजर रखें।



संदिग्ध व्यक्ति दिखने पर तुरंत दें सूचनाः टीआई जितेंद्र चंदेलिया ने बैंक अधिकारियों और नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि यदि बैंक के अंदर, आसपास या किसी एटीएम के पास कोई भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु दिखाई दे, तो बिना किसी देरी के इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

सरस्वती विद्यापीठ में सजा संस्कृति और परंपराओं का रंग, विद्यार्थियों ने दीं मनमोहक प्रस्तुतियां

वार्षिकोत्सव 'लोकरंग-2026' में लोकनृत्य, शिव तांडव व राष्ट्रभक्ति की प्रस्तुतियों ने मोहा मन, पदक विजेता खिलाड़ियों का हुआ सम्मान

शिवपुरी। विद्या भारती द्वारा संचालित सरस्वती विद्यापीठ आवासीय विद्यालय, शिवपुरी में वार्षिकोत्सव 'लोकरंग-2026' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भारतीय संस्कृति, लोक परंपराओं, आध्यात्मिक चेतना और राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत रंगारंग प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। पारंपरिक वेशभूषा, आकर्षक नृत्य संयोजन और प्रभावशाली अभिनय से सजी प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश योग आयोग के कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त डॉ. राघवेन्द्र शर्मा रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय कथावाचक साध्वी ज्योति शास्त्री एवं श्रीमंत विजयाराजे सिंधिया चिकित्सा महाविद्यालय शिवपुरी के प्राध्यापक तथा विद्या भारती के पूर्व छात्र डॉ. रीतेश यादव उपस्थित रहे।



वार्षिकोत्सव का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां रहीं। स्वागत गीत, कलयुग नृत्य, मिट्टी का कर्ज, वंदे मातरम, पारंपरिक भारतीय खेल, भगवान नरसिंह के अवतार, संत शिरोमणि रविदास के जीवन एवं विचारों पर आधारित प्रस्तुति, शिव तांडव और आदिवासी नृत्य ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। वहीं बुंदेलखंड के प्रसिद्ध लोकनृत्य राई की प्रस्तुति ने विशेष आकर्षण पैदा किया। विद्यार्थियों ने अपनी कला के माध्यम से भारतीय संस्कृति की विविधता, सामाजिक समरसता, आध्यात्मिक चेतना और राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। प्रत्येक प्रस्तुति पर दर्शकों ने तालियों के साथ बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

संस्कार और संस्कृति से जुड़ाव जरूरी : साध्वी ज्योति शास्त्रीः विशिष्ट अतिथि साध्वी ज्योति शास्त्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति केवल उत्सव और परंपराओं तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने की श्रेष्ठ पद्धति है। बच्चों में संस्कार, अनुशासन, सेवा, श्रद्धा और परिवार के प्रति सम्मान की भावना विकसित होना जरूरी है। शिक्षा का उद्देश्य केवल पुस्तकीय ज्ञान देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व में मानवीय मूल्यों और आध्यात्मिक चेतना का विकास करना भी है। ऐसे आयोजन बच्चों को अपनी संस्कृति और गौरवशाली परंपराओं से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं।

प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का किया सम्मानः कार्यक्रम में विद्यालय उपसमिति के सचिव महेन्द्र सिंह रघुवंशी ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए वर्षभर की शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेलकूद गतिविधियों और विद्यालय की उपलब्धियों की जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रवेश उत्सव फोल्डर का विमोचन भी किया गया। राष्ट्रीय स्तर की हैंडबॉल प्रतियोगिता में स्वर्ण एवं कांस्य पदक प्राप्त करने वाले विद्यालय के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। वार्षिकोत्सव के साथ अभिभावक गोष्ठी का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में अभिभावकों ने भाग लिया।

12 नवंबर को कोलारस में केंद्रीय मंत्री सिंधिया करेंगे खेल स्टेडियम का भूमिपूजन, तैयारियां तेज

शिवपुरी। आगामी 12 नवंबर को कोलारस में प्रस्तावित खेल स्टेडियम के भूमि पूजन कार्यक्रम में आ रहे केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के दौरे को लेकर प्रशासनिक और राजनीतिक स्तर पर तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। इसी सिलसिले में शुक्रवार को कलेक्टर अर्पित वर्मा, विधायक महेंद्र सिंह यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष जसवंत जाटव सहित अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम स्थल राई रोड, कोलारस व ग्राम केल्धार स्थित कपिल मुनि आश्रम पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर अर्पित वर्मा, कोलारस विधायक महेंद्र सिंह यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष जसवंत जाटव ने कार्यक्रम की तैयारियों, सुरक्षा व्यवस्थाओं और आवश्यक सुविधाओं को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। इस दौरान अधिकारियों को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। इस दौरान पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरवीर रघुवंशी, पूर्व नप अध्यक्ष रविन्द्र शिवहरे, कोलारस एसडीएम शिवदयाल धाकड़, एसडीओपी संजय मिश्रा, तहसीलदार प्रदीप भार्गव, भाजपा मंडल अध्यक्ष मंगल सिंह कुशवाह, महामंत्री दीपक जैन, नवल सोलंकी, प्रवीण कटारे, दुर्जन सिंह यादव, रामकृष्ण यादव, राहुल शर्मा लुकवासा सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बैरसिया में गोशाला के पास बेचने की फिराक में खड़ा था आरोपी

कोलारस में अवैध पटाखों के साथ युवक गिरफ्तार

शिवपुरी। कोलारस थाना पुलिस ने अवैध रूप से देशी बारूद के पटाखों की बिक्री करने की फिराक में घूम रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से दो प्लास्टिक के कट्टों में रखे 1800 हाथ से निर्मित देशी पटाखे बरामद किए हैं। जब्त पटाखों की अनुमानित कीमत करीब 3 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवार को कोलारस थाना पुलिस क्षेत्र में भ्रमण कर रही थी। इसी दौरान थाना प्रभारी जितेंद्र चंदेलिया को मुखबिर से सूचना मिली कि बैरसिया गांव में गोशाला के पास सड़क किनारे एक युवक दो प्लास्टिक के कट्टों में अवैध देशी पटाखे रखकर बिक्री करने की फिराक में खड़ा है।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर संदिग्ध युवक ने भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस बल ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसकी पहचान सुखदेव गुर्जर पुत्र भरत गुर्जर (19), निवासी ग्राम बैरसिया, थाना कोलारस के रूप में हुई। पुलिस ने युवक के कब्जे में मौजूद दोनों कट्टों की तलाशी ली तो उनमें हाथ से बनाए गए बारूद के 1800 छोटे देशी पटाखे मिले। पुलिस ने पटाखों को जब्त कर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी जितेंद्र चंदेलिया ने कार्रवाई की पुष्टि करते हुए बताया कि अवैध पटाखों के संबंध में आरोपी के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

इलाज के दौरान मां-बेटी की हुई मौत, हत्या का मामला दर्ज, आरोपी महिला गिरफ्तार

मां-बेटी पर पेट्रोल डालकर आग लगाने की घटना का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

थाना क्षेत्रांतर्गत एक ग्राम में पारिवारिक विवाद के चलते मां-बेटी पर पेट्रोल डालकर आग लगाने की घटना का पुलिस द्वारा खुलासा करते हुए आरोपी महिला को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है, जहां से न्यायालय के आदेश पर उसे जेल भेज दिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त पेट्रोल रखने वाली स्टील की डोलची, ढक्कन, घटना के समय पहने हुए कपड़े, जूते एवं माचिस सहित अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य जप्त किए हैं। वही इलाज के दौरान तीसरे दिन मां-बेटी की मौत हो गई है।

थाना प्रभारी अनूप यादव ने बताया 2 नवंबर को शाम करीब 7:30 बजे एक महिला एवं उसकी नाबालिग पुत्री के ऊपर घर में घुसकर पेट्रोल डालकर आग लगाने की गंभीर घटना घटित हुई। घटना में दोनों बुरी तरह झुलस गए थे। परिजनों द्वारा तत्काल दोनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति होने के कारण बेहतर उपचार के लिए दोनों को रेफर किया गया। घायल बालिका द्वारा भोपाल स्थित अस्पताल में दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार घटना के समय उसकी मां घर के अंदर कमरे में थीं। इसी दौरान उनकी रिश्ते की देवरानी हाथ में पेट्रोल से भरी बाल्टी लेकर घर पहुंची और पुरानी पारिवारिक रंजिश एवं आपसी विवाद को लेकर कहासुनी करते हुए आरोपी महिला ने मां-बेटी पर पेट्रोल डालकर माचिस से आग लगा दी और मौके से फरार हो गई। चीख-पुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे तथा आग बुझाकर दोनों को अस्पताल पहुंचाया। घटना की रिपोर्ट पर थाना बीना में अपराध क्रमांक 615/26 धारा 109(1) बीएनएस के तहत हत्या के प्रयास का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

स्टील की डोलची में पेट्रोल लेकर पहुंची थी आरोपी महिला

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना बीना पुलिस द्वारा तत्काल घटनास्थल का निरीक्षण कर महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्रित किए गए। दोनों पीड़िताओं के कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के समक्ष मरणासन्न कथन कराए गए, जिनमें आरोपी महिला द्वारा पेट्रोल डालकर आग लगाने की घटना बताई गई। घटनास्थल के निरीक्षण के दौरान घर में प्रवेश के रास्ते पर पैरों के निशान पाए गए। ग्राम में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का बारीकी से परीक्षण करने पर आरोपी महिला घटना के समय पीड़िताओं के घर की ओर जाती हुई दिखाई दी। पुलिस द्वारा आरोपी महिला को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। प्रारंभ में आरोपी द्वारा पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया गया, लेकिन प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर गहन पूछताछ करने पर उसने घटना कारित करना स्वीकार किया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि पति एवं पीड़िता के बीच कथित मैत्री संबंधों को लेकर उसके मन में रंजिश थी।



घटना को अंजाम देने एक दिन पूर्व स्कूटी से निकला था पेट्रोल

इसी रंजिश के चलते उसने घटना से एक दिन पूर्व अपनी स्कूटी से पेट्रोल निकालकर रख लिया था। घटना वाले दिन सीसीटीवी कैमरों से बचने के उद्देश्य से स्टील की डोलची में पेट्रोल लेकर घर के पीछे के रास्ते से पीड़िता के घर पहुंची। वहां मां-बेटी को कमरे में देखकर उन पर पेट्रोल डालकर माचिस से आग लगा दी। इसके बाद पेट्रोल की डोलची को वहीं फेंककर दीवार पार करते हुए अपने घर के पिछले दरवाजे से निकल गई। आरोपी ने पूछताछ में यह भी बताया कि घटना के समय पहने हुए कपड़े निकालकर पन्नी में रखे तथा स्कूटी से बायपास के पास फेंक दिए थे। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने महत्वपूर्ण सामग्री की जप्त- आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने पेट्रोल रखने एवं घटना में प्रयुक्त स्टील की डोलची, डोलची का ढक्कन, घटना के समय आरोपी द्वारा पहने गए कपड़े, आरोपी के जूते, माचिस, घटनास्थल से पीड़िताओं के अधजले कपड़े एवं अधजला मोबाइल फोन आदि सामग्री को विवेचना में महत्वपूर्ण साक्ष्य के रूप में जप्त किए गए है।

मां का हुआ अंतिम संस्कार, बेटी का शव बीना पहुंचा

घटना के तीसरे दिन गंभीर रूप से झुलसी पीड़िता की उपचार के दौरान सागर में मृत्यु हो गई। जिसका पीएम के बाद मृतिका का अंतिम संस्कार ग्राम में किया गया। वहीं बेटी की मृत्यु भोपाल में उपचार के दौरान हो गई। जिसका शव गांव लाया जा रहा है। मां-बेटी की मौत के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है। पीड़िता की मृत्यु होने से प्रकरण में हत्या की धारा 103(1) बीएनएस का इजाफा किया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी बीना निरीक्षक अनूप यादव, उप निरीक्षक लखन राज, उप निरीक्षक कस्तूरी अहिरवार, उप निरीक्षक निशांत भगत, सहायक उप निरीक्षक प्रीति थापा, प्रधान आरक्षक विजय गौतम, गजेन्द्र मिश्रा, पवन परमार, महिला आरक्षक रेवती पटेल, ममता अहिरवार, योग्यता दांगी, मुस्कान ठाकुर, रीटा, आरक्षक प्रेमजीत, सूरज शर्मा, अमित, युधिष्ठिर, राहुल सोलंकी, दीप सिंह, भूपेन्द्र परिहार एवं हीरामण की भूमिका रही।